वर्ष- 3 , अंक- 48
छपरा
7 जनवरी बुधवार
2026
पृष्ठ - 04

दैनिक
# खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# बांग्लादेश में 18 दिन में छठे हिंदू की हत्या, दुकानदार पर धारदार हथियार से हमला

### बढ़ती हिंसा को लेकर फेसबुक पोस्ट किया था

**ढाका,एजेंसी।** बांग्लादेश के नरसिंदी जिले में सोमवार रात एक हिंदू दुकानदार की धारदार हथियारों से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 40 वर्षीय शरत चक्रवर्ती मणि के रूप में हुई है। यह बीते 18 दिनों में छठे हिंदू व्यक्ति की हत्या है।

शरत चक्रवर्ती मणि पलाश उपजिला के चारसिंदूर बाजार में अपनी किराना दुकान चला रहे थे। इसी दौरान अचानक पहुंचे अज्ञात हमलावरों ने उन पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए।

गंभीर रूप से घायल मणि को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

19 दिसंबर को मणि ने फेसबुक पर एक पोस्ट लिखकर देश में बढ़ती हिंसा पर चिंता जताई थी और अपने इलाके को मौत की घाटी बताया था।



**5 जनवरी ही एक और हिंदू की गोली मारकर हत्या :** 5 जनवरी को ही जेसोर जिले में भी एक हिंदू व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मोनिरामपुर इलाके में एक आइस फैक्ट्री मालिक राणा प्रताप बैरागी की सार्वजनिक रूप से हत्या हुई।

वे कपलिया बाजार में आइस फैक्ट्री चलाते थे और दैनिक बीडी खबर' अखबार के कार्यकारी संपादक भी थे।

रिपोर्ट के मुताबिक, बाइक पर सवार तीन हमलावर उन्हें फैक्ट्री से बाहर बुलाकर एक गली में ले गए और सिर में नजदीक से गोली मारकर फरार हो गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

बदमाश गोली मारने के बाद मौके से फरार हो गए। बाद में पुलिस ने घटनास्थल से सात खाली कारतूस बरामद किए। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हुआ है।

**हिंदू विधवा से गैंगरेप, पेड़ से बांधकर पीटा :** बांग्लादेश में 3 जनवरी को 44 साल की एक हिंदू विधवा महिला से गैंगरेप किया गया। आरोपियों ने रेप के बाद उसे पेड़ से बांधकर पीटा। यह घटना बांग्लादेश के झेनाइदह जिले के कालीगंज इलाके में हुई। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और बाकी आरोपियों की तलाश जारी है। पीड़ित महिला ने सोमवार दोपहर कालीगंज पुलिस थाने में 4 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जिस एक आरोपी हसन (45 साल) को हिरासत में लिया है, वह उसी इलाके के एक गांव का रहने वाला है।

आरोप है कि इस दौरान महिला के बाल काट दिए गए, उसके साथ मारपीट की गई और पूरी घटना का मोबाइल से वीडियो बनाया गया।

# गुजरात-कर्नाटक में 7 कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, यूपी में ट्रेन में बम की खबर

### इंस्पेक्टर ने डंडे से खींचा संदिग्ध बैग; केरल में 12 देसी बम बरामद

**अहमदाबाद/मैसुरु,एजेंसी।** गुजरात, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में मंगलवार को अलग-अलग जगहों पर बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं। गुजरात की छह कोर्ट, उत्तर प्रदेश के मऊ रेलवे स्टेशन पर ट्रेन और कर्नाटक के मैसुरु जिला कोर्ट को धमकी दी गई। सभी मामलों में पुलिस और बम स्क्वॉड ने मौके पर जांच की, लेकिन किसी भी कोर्ट या ट्रेन से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। वहीं, केरल के कन्नूर जिले में पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से 12 देसी विस्फोटक उपकरण बरामद किए हैं। सभी मामलों की जांच की जा रही है।

**गुजरात में 6 कोर्ट को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी :** गुजरात में हाईकोर्ट और 5 लोकल कोर्ट को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी मिली। सूरत की कोर्ट के ऑफिशियल ईमेल पर सोमवार रात 2 बजे धमकी भरा ईमेल आया था। सुबह जब कर्मचारियों ने ईमेल चेक किया तो पुलिस को सूचना दी। आणंद, राजकोट, अहमदाबाद और भरूच के सेशन कोर्ट को इसी तरह का ईमेल मिला। हालांकि, बम स्क्वॉड की जांच में कोर्ट से कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली। पुलिस के अनुसार, यह धमकी एलटीटीई (लिबरेशन टाइगर ऑफ तमिल ईलम) के नाम से दी गई है।

**अहमदाबाद ग्रामीण कोर्ट को सोमवार को भी धमकी मिली थी:** अहमदाबाद ग्रामीण न्यायालय को सोमवार को भी धमकी का एक ईमेल मिला था। एक अज्ञात व्यक्ति ने न्यायालय की ईमेल आईडी पर ईमेल भेजकर कोर्ट रूम को उड़ाने की धमकी दी थी। सुबह धमकी का ईमेल मिलने के बाद कोर्ट का कामकाज रोक दिया गया था। हालांकि, जांच में कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली थी।



### यूपी के मऊ में काशी एक्सप्रेस खाली कराई, बम होने की सूचना

उत्तर प्रदेश के मऊ रेलवे जंक्शन पर मंगलवार सुबह काशी एक्सप्रेस (15018 डाउन) में बम होने की धमकी मिली। इसके बाद ट्रेन को स्टेशन पर रोका गया और यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर उतारा गया। मऊ के एसपी एलामरन जी ने बताया कि सुबह करीब 9.30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम में कॉल आया, जिसमें ट्रेन में बम होने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि जैसे ही ट्रेन मऊ स्टेशन पहुंची, यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और हर कोच की पूरी जांच की गई। अब तक कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। प्रतीत होता है कि कॉल फर्जी था। हमारी निगरानी टीम स्रोत पता लगाने में लगी हुई है।

### केरल में 2 जगहों से 12 देसी बम बरामद

केरल के कन्नूर जिले में पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से कुल 12 देसी विस्फोटक उपकरण बरामद किए हैं। इनमें चार स्टील के बम भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, बरामदगी सोमवार रात को हुई। पुलिस ने बताया कि पनूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोकरी के थंगल पीड़िका स्थित एक स्कूल ग्राउंड से आठ देशी क्रूड बम मिले। ये विस्फोटक स्कूल ग्राउंड में रखी तिरपाल शीटों के बीच छिपाकर रखे गए थे। मौके से एक माचेट (धारदार हथियार) भी बरामद हुआ है। दूसरी घटना में पुलिस ने कन्नावम इलाके के एक सुनसान भूखंड से चार स्टील के विस्फोटक उपकरण बरामद किए। ये सभी एक बैग के अंदर रखे हुए थे। पुलिस ने बताया कि यह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है कि दोनों स्थानों से मिली विस्फोटक सामग्री का आपस में कोई संबंध है या नहीं। फिलहाल मामले की गहन जांच की जा रही है।

### जेएनयू में नारे लगे- मोदी-शाह की कब्र खुदेगी

## भाजपा का दावा- उमर-शरजील के समर्थन में हुआ प्रदर्शन



### कांग्रेस बोली- यह गुस्सा जाहिर करने का तरीका

**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली की जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी (JNU) में सोमवार रात कुछ छात्रों ने पीएम मोदी और अमित शाह के खिलाफ विवादित नारे लगाए। नारेबाजी का 35 सेकेंड का वीडियो मंगलवार को सामने आया। यह अब वायरल हो रहा है।

वीडियो में छात्र मोदी-शाह की कब्र खुदेगी, जेएनयू की धरती पर नारे लगाते और गाते दिखे। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने दावा किया है कि JNU में यह प्रदर्शन उमर खालिद-शरजील के समर्थन में हुआ। यह विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि राष्ट्रविरोधी विचारधारा का प्रसार है। कांग्रेस ने कहा है कि यह गुस्सा जाहिर करने का एक तरीका है।

दरअसल, एक दिन पहले 2020 दिल्ली दंगों की साजिश मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार किया था।

JNU स्टूडेंट्स यूनियन की अध्यक्ष अदिति मिश्रा ने कहा कि हर साल छात्र 5 जनवरी 2020 को कैंपस में हुई हिंसा की निंदा करने के लिए विरोध प्रदर्शन करते हैं।

मिश्रा ने न्यूज एजेंसी PTI को बताया कि विरोध प्रदर्शन में लगाए गए सभी नारे वैचारिक थे और किसी पर व्यक्तिगत हमला नहीं करते थे। वे किसी के लिए निर्देशित नहीं थे।

## महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष ने रितेश देशमुख से माफी मांगी

### कहा था- विलासराव की यादें मिटा देंगे; एक्टर बोले- पापा का नाम लोगों के मन में दर्ज



**मुंबई ,एजेंसी।** महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने पूर्व सीएम विलासराव देशमुख पर अपनी टिप्पणी को लेकर उनके बेटों से माफी मांगी है। रवींद्र चव्हाण ने मंगलवार को कहा- मेरी टिप्पणी राजनीतिक मकसद से नहीं थी। अगर इससे दिवंगत नेता के बेटे की भावनाएं आहत हुई हैं तो वह उनसे माफी मांगते हैं। दरअसल, रवींद्र चव्हाण ने सोमवार को लातूर में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि आपका (कार्यकर्ताओं का) उत्साह देखकर मैं पूरे भरोसे के साथ कह सकता हूं कि विलासराव देशमुख की यादें इस शहर से मिट जाएंगी। विलासराव के बड़े बेटे और कांग्रेस नेता अमित देशमुख ने बयान की निंदा करते हुए कहा कि किसी बाहरी व्यक्ति के कहने से उनके पिता की यादें नहीं मिट सकतीं। पूर्व छरू के छोटे बेटे और एक्टर रितेश देशमुख ने भी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को जवाब दिया। एक्टर ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक भावुक वीडियो पोस्ट कर कहा- जनता के लिए जीने वालों के नाम उनके मन में दर्ज हैं। जो लिखा है उसे मिटाया जा सकता है, लेकिन जो मन में दर्ज है उसे मिटाया नहीं जा सकता।


## आंध्र प्रदेश में तेल कुएं में गैस रिसाव से आग

### 20 मीटर ऊंची लपटें उठी, 3 गांव खाली कराए



**कोनसीमा,एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के कोनसीमा में ऑयल एंड नेचुरल कॉर्पोरेशन (ONGC) के तेल कुएं में गैस रिसाव के बाद तेज आग लगी। 20 मी. ऊंची लपटें उठ रही हैं। 4 किमी रेडियस में आने वाले 3 गांव इरुसुमंडा, गुडापल्ली और लक्कावरम खाली कराए गए हैं। ONGC के मुताबिक 600 लोगों को सुरक्षित जगह शिफ्ट किया गया है। दो स्कूलों की छुट्टी की गई है। 5 जनवरी की दोपहर 12.20 बजे राजोले इलाके में मौजूद मोरी-5 कुएं की पाइपलाइन में लीकेज के कारण आग लगी। 20 मिनट बाद ही गैस ने आग पकड़ ली थी। कुआं दीप इंडस्ट्रीज लिमिटेड ऑपरेट कर रहा है। अधिकारियों ने कहा कि राहत शिविरों में खाने-पानी की व्यवस्था की। मौके पर फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हैं।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री कलमाड़ी का 81 की उम्र में निधन




**पुणे,एजेंसी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश कलमाड़ी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे 81 साल के थे। कलमाड़ी को पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने मंगलवार सुबह करीब 3:30 बजे अंतिम सांस ली। सुरेश शामराव कलमाड़ी का जन्म 1 मई 1944 को हुआ था। कलमाड़ी पुणे लोकसभा सीट से 3 बार सांसद चुने गए। राजनीति के साथ-साथ वे खेल प्रशासन के लिए भी जाने जाते रहे।



# म.प्र-राजस्थान में भीषण सर्दी, 44 जिलों में स्कूल बंद

### केदारनाथ में तापमान माइनस 23डिग्री; हिमाचल-कश्मीर में साल की सबसे ठंडी रात, पारा -10डिग्री

**नई दिल्ली /भोपाल/ लखनऊ, एजेंसी।** देशभर में सर्दी लगातार बढ़ रही है। पहाड़ी राज्यों से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण मैदानी राज्यों में घना कोहरा और शीतलहर का प्रभाव है। सर्दी के कारण मध्य प्रदेश के 24, राजस्थान के 20 जिलों के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। मध्य प्रदेश के ज्यादातर शहरों में न्यूनतम तापमान 10ए से नीचे है। सोमवार को छतरपुर का नौगांव सबसे ठंडा रहा। यहां पारा 1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। राजस्थान के 7 शहरों में रात का तापमान 5 डिग्री से नीचे आ गया। हिल स्टेशन माउंट आबू (सिरोही) में लगातार तीसरे दिन तापमान शून्य पर दर्ज हुआ।



इधर, उत्तराखंड का मुनस्यारी सोमवार को सबसे ठंडा इलाका रिकॉर्ड किया गया, जहां न्यूनतम तापमान माइनस 25 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। केदारनाथ में भारी बर्फबारी के बीच तापमान माइनस 23 डिग्री पहुंच गया। उत्तरकाशी स्थित गंगोत्री में माइनस 21 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ। यहां पानी की पाइपलाइन में बर्फ जम गई।

हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले के ताबो और जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में सोमवार रात साल की अब तक की सबसे ठंडी रात रही। दोनों जगहों पर न्यूनतम तापमान शून्य से करीब 10 डिग्री नीचे पहुंच गया। इससे झीलों, झरनों और नदियों की छोटी धाराओं में पानी जम गया।

# गजब: गांव की आबादी 1300, लेकिन बन गए 27 हजार जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र

### महाराष्ट्र सरकार ने जांच के लिए बनाई एसआईटी

**मुंबई,एजेंसी।** महाराष्ट्र में जन्म और मृत्यु के डिजिटल पंजीकरण को लेकर एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। महाराष्ट्र सरकार ने एक ऐसे गांव में भारी गड़बड़ी सामने आने के बाद विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की है, जहां आबादी सिर्फ 1300 है लेकिन जन्म और मृत्यु से जुड़े करीब 27,000 प्रमाणपत्र जारी कर दिए गए।

**सीआरएस के जरिए फर्जीवाड़े की आशंका :** अधिकारियों के अनुसार शेंदुरसनी ग्राम पंचायत की कुल आबादी लगभग 1300 है, जबकि सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (सीआरएस) के जरिए यहां जन्म और मृत्यु के रिकॉर्ड की संख्या 27 हजार से ज्यादा पाई गई। यह आंकड़ा गांव की जनसंख्या से बिल्कुल मेल नहीं खाता और इससे डिजिटल सिस्टम के दुरुपयोग, छेड़छाड़ या धोखाधड़ी की आशंका गहराती है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सिर्फ तीन महीनों में गांव से 27,398 देर से जन्म पंजीकरण किए गए, जो अपने आप में बेहद संदिग्ध है।



### कानूनी कार्रवाई और एसआईटी जांच

इस मामले में यवतमाल शहर के पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल जांच की जिम्मेदारी उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) के पास थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए गृह विभाग ने अब जांच एसआईटी को सौंप दी है। यह टीम महाराष्ट्र साइबर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) की निगरानी में काम करेगी। एसआईटी में स्वास्थ्य सेवाओं के उप निदेशक और जिला स्वास्थ्य अधिकारी को भी शामिल किया गया है।

### गांव में जाकर होगी जांच

बता दें कि, एसआईटी इस हफ्ते गांव का दौरा करेगी। वहां जमीन स्तर पर जांच होगी, ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली को परखा जाएगा और यह देखा जाएगा कि सिस्टम की किन कमियों का फायदा उठाया गया। इसके अलावा आईपी लॉग्स की तकनीकी जांच, जिन लोगों के नाम पर फर्जी प्रमाणपत्र बने, उनसे पूछताछ पूरे नेटवर्क और तरीकों की पहचान होगी। जांच का मकसद सिर्फ दोषियों को पकड़ना ही नहीं, बल्कि भविष्य में ऐसी गड़बड़ियों को रोकने के लिए सख्त दिशा-निर्देश और सुधारात्मक कदम तय करना भी है।

## सोनिया गांधी की अचानक तबीयत बिगड़ी दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है. प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (PTI) के मुताबिक, मंगलवार सुबह उनकी तबीयत कुछ बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया. सोनिया गांधी की तबीयत पिछले कुछ समय से ठीक नहीं चल रही थी, जिस वजह से उन्हें भर्ती किया गया है. अस्पताल में डॉक्टरों की टीम उनकी पूरी निगरानी कर रही है. सूत्रों ने बताया कि उन्हें चेस्ट (सीने) से जुड़े स्पेशलिस्ट डॉक्टर की निगरानी में रखा गया है. हालांकि, अभी तक कांग्रेस पार्टी या अस्पताल की ओर से सोनिया गांधी के स्वास्थ्य को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया गया है।



**दिल्ली के प्रदूषण का सोनिया की सेहत पर बुरा असर :** सोनिया गांधी 9 दिसंबर 2025 में 79 साल की हो चुकी हैं. वह लंबे समय से खांसी की समस्या से परेशान हैं, जिस वजह से वह समय-समय पर चेकअप के लिए आती रहती हैं. खासकर दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के कारण उनकी दिक्कतें बढ़ जाती है.

**स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहीं सोनिया गांधी :** सोनिया गांधी पिछले कई सालों से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रही हैं।

# मैरिज पैलेस में प्राइवेट पार्ट दबा पति की हत्या

### परिवार बोला- पत्नी के अवैध संबंधों के कारण झगड़ा हुआ

**सोनीपत,एजेंसी।** हरियाणा के सोनीपत में पत्नी ने अपने पति की हत्या कर दी। परिवार का आरोप है कि पत्नी ने पहले उसके मुंह पर तकिया रखकर दबाया। फिर प्राइवेट पार्ट दबा दिया। इसके बाद वह फरार हो गई। बुधवार सुबह बेड पर व्यक्ति का शव पड़ा मिला। मृतक मैरिज पैलेस में परिवार के साथ रहता था। आरोप है कि पत्नी के अवैध संबंधों की वजह से दोनों में अक्सर झगड़े होते थे। व्यक्ति की हत्या की सूचना मिलते ही ACP अमित पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। पुलिस ने मैरिज पैलेस में लगे CCTV कैमरों की फुटेज को अपने कब्जे में ले लिया है। साथ ही, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।



**ACP बोले- सुबह 9 बजे आई कॉल:** ACP अमित ने बताया कि मंगलवार सुबह 9 बजे पुलिस को घटना आशीर्वाद गार्ड में डेडबॉडी की सूचना मिली। मौके पर गए तो परिजनों ने पत्नी पर हत्या के आरोप लगाए।

## भगवंत मान तीसरे सीएम, जो अकाल तख्त पर पेश होंगे



**जालंधर,एजेंसी।** सिखों के सर्वोच्च श्री अकाल तख्त ने पंजाब के सीएम भगवंत मान को तलब किया है। उन्हें 15 जनवरी को अकाल तख्त के सचिवालय में पेश होने को कहा गया है। सीएम मान ने भी कहा कि वह एक विनम्र सिख की तरह नंगे पैर अकाल तख्त पर पेश होंगे। जहां वे अकाल तख्त जत्थेदार की तरफ से उठाए सवालों के बारे में स्पष्टीकरण देंगे। अकाल तख्त में तलब होने वाले सीएम भगवंत मान तीसरे मुख्यमंत्री होंगे। इससे नहले दिवंगत सुरजीत सिंह बरनाला, प्रकाश सिंह बादल को भी अकाल तख्त में तलब किया जा चुका है। इससे पहले शिरोमणि अकाली दल के प्रधान और पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर बादल ये सजा भुगत चुके हैं। आप सरकार के मंत्री तरुणप्रीत सौंध सोमवार को ही नंगे पैर अकाल तख्त पर पेश हुए। पंजाब के अब तक के इतिहास में सबसे बड़ा नाम महाराजा रणजीत सिंह भी अकाल तख्त पर धार्मिक सजा भुगत चुके हैं। अकाल तख्त साहिब से उनको कोड़े मारने की सजा मिली थी।

# सीएनजी कार बाइक की टक्कर में डॉक्टर सहित तीन घायल, कार में लगी आग से धू-धू कर जलने लगी कार



सीएनजी कार ने आगे छपरा की तरफ चल रही बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार व बाइक दोनों सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरे। इसके तुरंत बाद कार पेड़ से टकराई व उसमें आग लग गई।

**दैनिक खोज खबर/एकमा(सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र में छपरा-सिवान नेशनल हाईवे-531 पर मंगलवार की सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। माने गांव के समीप एक सीएनजी कार से बाइक बाइक में टक्कर के बाद दोनों वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में आग लग गई और देखते ही देखते कार धू-धू कर जलने लगी। इस हादसे में कार चालक डॉक्टर सहित बाइक पर सवार पतिङ्कपत्नी जख्मी हो गए। बताया गया है कि सिवान जिला के हुसैनगंज बाजार निवासी डॉ पंकज कुमार चौरसिया, जो पेशे से चिकित्सक हैं, मंगलवार की सुबह अपनी ड्यूटी के लिए जलालपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जा रहे थे। इसी दौरान माने गांव के पास उनकी

हादसे के दौरान कार का गेट अचानक खुल जाने के कारण चिकित्सक की जान बच गई। बताया जा रहा है कि यदि गेट नहीं खुलता तो बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं बाइक पर सवार घायल दंपति की पहचान एकमा के हंसराजपुर टोला गोपाली निवासी रसीद हुसैन व उनकी पत्नी नुसरत जहां के रूप में की गई है। बताया गया है कि पतिङ्कपत्नी छपरा शहर बीमारी का इलाज कराने किसी डॉक्टर के पास जा रहे थे, जो माने मठिया गांव के समीप मुख्य सड़क पर नीलगाय के अचानक आ जाने से बाइक अनियंत्रित हो गई, वहीं पीछे से कर सवार भी अनियंत्रित हो गए जिससे कर से बाइक में टक्कर हो गई। जिसमें वे इस दुर्घटना में घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही जलालपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी मौके पर पहुंचे और कार खुद ड्राइव करने वाले घायल चिकित्सक डॉ पंकज कुमार चौरसिया को तत्काल जलालपुर सीएचसी ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया। वहीं बाइक सवार पतिङ्कपत्नी को निजी अस्पताल में भर्ती कर इलाज कराया गया। इधर घटना की जानकारी पाकर एकमा थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य में जुट गई। पुलिस जली हुई कार को हटवाने व यातायात को सुचारू कराया। इस हादसे के बाद कुछ देर के लिए एनएच-531 पर अफराङ्कतफरी का माहौल रहा। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यह दुर्घटना घने कोहरे व धुंध के कारण हुई है।

## जनसंघ पार्टी के कर्मठ कार्यकर्त्ता रहे स्व. ओम सिंह की मनायीं गयी पहली पुण्यतिथि



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर नगर परिषद के सिद्धनाथ चौक स्थित जनसंघ पार्टी के कर्मठ कार्यकर्त्ता ओम सिंह की पहली पुण्यतिथि उनके पैतृक निवास स्थान पर मंगलवार को मनायीं गयी. जिसमे सोनपुर विधायक विनय कुमार सिंह सहित भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु ने की। स्व ओम सिंह का निधन पिछले वर्ष दिनांक 06--01-- 2025 को हो गया था। उनके पुण्यतिथि पर विधायक सहित सभी लोगो ने उनके तैल चित्र पर पुष्पाजली अर्पित करते हुए नमन किया । इस मौके पर सोनपुर विधायक विनय कुमार सिंह ने कहा कि ओम बाबु के निधन से पार्टी को बहुत क्षति हुई है, जिसकी भरपाई नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा की वह हमारे अभिभावक थे, उनसे बहुत कुछ हम लोगो को सिखने का अवसर मिला । उनके बताये मार्ग पर चलकर ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होंगी । उपस्थित लोगों ने स्व ओम सिंह के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह पार्टी के सच्चे सिपाही थे।जिन्होंने अपने जीवन काल में पार्टी के लिए हर समय तत्पर रहे और समाज सेवा से जुड़े रहें.इनकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन ओम बाबु के पुत्र मुकेश कुमार सिंह ने किया ।मौके पर मुख्य रुप से वरीय भाजपा नेता नरेश सिंह, निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष शशिभूषण कुमार सिंह, सुनील दुबे, पूर्व अध्यक्ष धनंजय सिंह, उपाध्यक्ष संजीव कुमार सहित सैकड़ो पार्टी के कार्यकर्त्ता एवं ग्रामीण उपस्थित हुये ।

## सोनपुर के यशवंत कुमार बने अभाविप, उत्तर बिहार के प्रान्त सह मंत्री



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद , उत्तर बिहार के 67वां प्रान्तीय अधिवेशनका कार्यक्रम गोपालगंज में सोमवार को सम्पन्न हुआ.जिसमें अभाविप के विभाग संयोजक यशवंत कुमार को प्रदेश सह मंत्री का दायित्व दिया गया साथ ही दिपक कुमार को राष्ट्रीय कला मंच का प्रान्त सह संयोजक, वर्षा रानी, चंदन यादव, साकेत शामा,को प्रदेश कार्यसमिति का दायित्व दिया गया। दायित्व मिलने के बाद अभाविप के पूर्व विश्वविद्यालय प्रमुख, एवं वर्तमान भाजपा युवा मोर्चा के क्षेत्रिय प्रभारी डॉ आशुतोष कुमार ने जैसे ही यशवंत कुमार के सोनपुर मंगलवार को पहुँचे ही अपने सदस्यों के साथ यशवंत कुमार को अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर नव दायित्व धारी कार्यकताओं का अभिनंदन एवं स्वागत किया। इस मौके पर अभाविप के पूर्व विश्वविद्यालय प्रमुख डॉ आशुतोष कुमार ने कहा कि सोनपुर के लिए यह गौरव कि बात है कि सोनपुर के पूर्वोत्तर रेलवे महाविद्यालय के विस्थापन को लेकर यशवंत कुमार लगातार संघर्षरत रहे हैं। संगठनात्मक कार्य के साथ साथ आन्दोलनात्मक एवं समाजिक कार्यों में प्रमुख भूमिका रही है। विश्वविद्यालय कैम्पस से दूरी रहने के वावजूद भी यहां के छात्र अग्रणी भूमिका में रहे हैं एवं राष्ट्र पूर्ण निर्माण के व्यापक संदर्भ को मन में रखते हुए राष्ट्र वादी सोच को आगे बढ़ाने में महती भूमिका निर्वहन कर रहे हैं। जिसके बाद सोनपुर के लोगों में खुशी का माहौल बना हुआ है। जिसके पश्चात बधाई देने वाले में पूर्वोत्तर रेलवे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ भूषण प्रसाद सिंह, धनंजय कुमार राय, प्रो. अखिलेश, धनंजय कुमार, सिद्धनाथ राय, गोपाल कृष्ण, अत्रे शिवकुमार, रंधिर राय, अभाविप के सोनपुर के जिला संयोजक राहुल कुमार, सोनपुर नगर मंत्री धिरज गुप्ता, कार्यालय मंत्री आर्यन कुमार नगर एसएफडी संयोजक रौनक कुमार परसा नगर मंत्री साकेत कुमार,नेहा कुमारी प्रमुख रूप से रहे।

## अपहृत युवती को हरिहरनाथ पुलिस ने किया बरामद

**सोनपुर।** हरिहरनाथ पुलिस ने एक अपहृत युवती को सोनपुर स्टेशन से गिरफ्तार कर उसे मंगलवार को मेडिकल जांच और 164 के बयान के लिए छपरा सिविल कोर्ट भेज दिया है. इस बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष विमलेश कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि सोनपुर नगर पंचायत क्षेत्र के एक मोहल्ले से 22 वर्षीय एक कुंवारी लड़की 11 दिसंबर 2025 को घर से भाग गई थी.जहां घर के परिजनों ने काफी खोजबीन करने के बाद नहीं मिलने पर हरिहरनाथ थाना में आवेदन देकर युवती को स कुशल बरामद करने की गुहार लगाई थी.जहां पुलिस ने आवेदन के आलोक में कार्रवाई करते हुए अपहृत युवती को सोनपुर स्टेशन से सोमवार के शाम गिरफ्तार कर उसे मंगलवार को 164 के बयान के लिए छपरा सिविल कोर्ट एवं मेडिकल जांच के लिए भेज दिया है।.थाना अध्यक्ष ने यह भी बताया कि आरोपित युवक को गिरफ्तार करने के लिए संभावित स्थानों पर छापामारी की जा रही है।

## सोनपुर रेलमंडल में टिकट चेकिंग ड्राइव से वित्तीय वर्ष में अब तक कुल42,39,98,978 रुपया का राजस्व प्राप्ति

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर रेल मंडल में दिनांक 05.01.2026 को वाणिज्य विभाग द्वारा व्यापक पैमाने पर मेगा टिकट चेकिंग ड्राइव चलाया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रौशन कुमार के निर्देशन एवं मंडल वाणिज्य टीमों की समन्वित कार्रवाई के परिणामस्वरूप इस अभियान ने अत्यंत सकारात्मक उपलब्धियाँ दर्ज कीं। इस विशेष जांच अभियान के दौरान विभिन्न स्टेशनों एवं ट्रेनों में टिकट जांच टीमों ने कुल 3005 मामलों में बिना टिकट एवं अनियमित टिकट से यात्रा कर रहे यात्रियों को पकड़ा। इनसे ?20,08,930/- की राजस्व वसूली की गई, जो मंडल के राजस्व संरक्षण के प्रयासों को और मजबूत करती है।

सोनपुर मंडल में निरंतर सघन टिकट जांच अभियान जारी है। विदित हो कि इस वित्तीय वर्ष में अब तक कुल 6,28,368 बेटिकट यात्रियों से कुल 42,39,98,978 रुपया का रेल राजस्व अर्जित किया है। यह यात्रियों में टिकट लेकर यात्रा करने की बढ़ती जागरूकता, मंडल की सतत मॉनिटिरिंग तथा टिकट जांच टीमों की प्रभावी कार्यशैली का परिणाम है। सोनपुर मंडल द्वारा टिकट जांच अभियान केवल राजस्व संरक्षण ही नहीं, बल्कि यात्रियों की सुविधा, सुरक्षित यात्रा एवं सुव्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे विशेष अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि अवैध यात्रा पर प्रभावी रोक लग सके और अधिक से अधिक यात्री समुचित टिकट लेकर यात्रा करने के लिए प्रेरित हों। सोनपुर मंडल भारतीय रेल के राजस्व एवं सेवा गुणवत्ता में सतत सुधार के लिए प्रतिबद्ध है।

## विद्युत चोरी करने के आरोप में दो लोगों पर एफआईआर

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** विद्युत विभाग के टीम ने अलग-अलग स्थान में छापामारी करते हुए दो लोगों के ऊपर नामजद सोनपुर थाने में प्राथमिक की दर्ज की है। इस बात की जानकारी देते हुए कनीय विद्युत अभियंता सूरज कुमार ने मंगलवार को बताया द्यकि सोनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कल्याणपुर पंचायत के बैजलपुर एवं शिकारपुर बज़ार में छापामारी कर दो लोगों को विद्युत चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ कर उस पर विभागीय कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूलने को लेकर सोनपुर थाने में नामजद प्राथमिक की दर्ज कराई है। कनीय विद्युत अभियंता सूरज कुमार ने मंगलवार को बताया कि सोनपुर थाना क्षेत्र के बैजलपुर रविदास टोला के मनोरंजन लाल राम पिता मेघनाथ राम जो मेंन सर्विस वायर में तार के टैपिंग कर दूसरे तार द्वारा मीटर के बाईपास कर विद्युत ऊर्जा का अवैध तरीके से उपयोग कर रहा था.इनके ऊपर विभागीय कार्रवाई करते हुए कुल ?11142/- की क्षति पूर्ति करने के लिए सोनपुर थाना में नामजद प्राथमिक की दर्ज कराई गई है वहीं दूसरी ओर गुड्डू कुमार चौधरी पिता लाल बहादुर चौधरी शिकारपुर बाजार में व्यावसायिक परिसर में बकाया राशि 44 37/- रुपया रखे हुए था जहां विभाग ने विद्युत विच्छेद कर दिया था जहां बिना बकाया राशि जमा किए हुए चोरी से विद्युत का उपयोग करते हुए रंगे हाथो पकड़ा.उनके ऊपर कुल 16356 /-का जुर्माना लगाकर सोनपुर थाना में नामजद प्राथमिक की दर्ज कराई है।

## धूप निकलने से लोगों ने ली राहत की सांस

### अलाव व कंबल वितरण के नाम पर प्रशासन की खानापूर्ति

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** विगत दो सप्ताह से ऊपर लगातार तापमान में गिरावट के कारण शीत लहर, पछुआ हवा एवं कड़ाके की ठंड से आम जनजीवन प्रभावित हो गया है। लगातार तापमान में गिरावट के दौरान जारी शीतलहर के बीच घने कोहरे के कारण लोगों को परेशानी और बढ़ गई है यहां तक की धने कुहासे के कारण गाड़ियों की भी रफ्तार में कमी हो गई थी.वाहन चालक लाइट जलाकर अपने गंतव्य स्थान पर पहुंच रहे थे. ठंड से बचने के लिए लोग अपने-अपने घरों में दुबक कर रहते थे। आग तापने तथा गर्म वस्त्र पहने रहते थे। संपन्न लोग अपने-अपने घरों में हीटर आदि का सहारा लेते थे। वही गरीब तब के लोग आसपास के पूरे कचरा उठाकर उसे जलाकर अपने शरीर को ठंड से वचाव करते थे लेकिन मंगलवार पूर्वाह्न सुबह सूर्य का दर्शन और 8 बजे के बाद धूप होने से लोगों ने राहत की सांस ली। जरूरतमंद कार्यों को लेकर लोग मार्केट में निकलना शुरू कर दिया वही महिलाएं बिस्तर व अन्य कपड़े धूप में सुखाने लगी तथा धूप में बैठकर इसका मजा लेने लगी। वहीं धूप होने पर बच्चे से लेकर बृद्ध लोग स्नान किया जब कि बच्चे धुप का आनंद उठाते हुए खेल खेलते नजर आए। वहीं शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोग सब्जी समेत अन्य जरूरत वस्तुओं की खरीदारी के लिए बाजारों में निकल गए। जिसके कारण बाजारों में काफी चहल-पहल देखी गई। वहीं किसान लोग अपने खेतों में फसल देखने पहुंचे गए । शाम ढलते ही ठंड अपना असर दिखाने लगा। लोग अपने-अपने घरों की ओर रुख करने लगे। शाम की के वक्त चौक चौराहा एवं घर के आस-पास लोग अलाव जलाकर किसी तरह से ठंड से राहत पा रहे थे। वही सोनपुर प्रशासन की ओर से सिर्फ अलाव जलाने के नाम पर खाना पूर्ति की जा रही है जिसके वजह से राहगीरों एवं गरीब तब के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग चौक चौराहा पर कूड़े कचरे उठाकर किसी तरह से बढ़ती ठंड से निजात पाने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं। संपन्न व्यक्ति तो अपने रूम में हीटर आने रूम को गर्म करने का उपकरण साथ-साथ ऊनी वस्त्र का उपयोग करते हुए ठंड से राहत पा रहे है। सरकार के तरफ से गरीबों के बीच कंबल वितरण के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति हो रही है.जितने लोग गरीब हैं उस हिसाब से कंबल का वितरण नहीं हो रहा है। भले ही सरकार लाख दावा कर रही है कि गरीबो के लिए इस ठंड में कंबल वितरण एवं अलाव की व्यवस्था की जा रही है लेकिन यह सिर्फ खाना पूर्ति की जा रही है।

## त्वरित कार्रवाई, 5 घंटे के भीतर अपहृत शिक्षक सकुशल बरामद, वाहन समेत 03 अभियुक्त गिरफ्तार

**दैनिक खोज ख़बर/बनियापुर (सारण)।** पुलिस ने त्वरित एवं सटीक कार्रवाई करते हुए अपहरण की एक गंभीर घटना का खुलासा मात्र 5 घंटे के भीतर कर अपहृत शिक्षक को सकुशल बरामद कर लिया। इस दौरान घटना में प्रयुक्त वाहन सहित 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज दिनांक 06 जनवरी 2026 को लगभग 10-25 बजे सूचना मिली कि बनियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत करही मध्य विद्यालय के शिक्षक कुंदन कुमार यादव (पिता-धर्मनाथ यादव, निवासी-पियानो, थानाङ्ककोपा) का विद्यालय से लगभग 200 मीटर पूर्व काले रंग की स्कॉर्पियो से आए 05-07 अज्ञात अपराधियों द्वारा अपहरण कर लिया गया है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी सह डीआईजी, सारण के निर्देश पर तत्काल विशेष जांच टीम का गठन किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 के नेतृत्व में बनियापुर थाना पुलिस एवं तकनीकी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृत शिक्षक को दरौली थाना क्षेत्र, जिलाङ्कसीवान के हनुमान मठिया गांव के पास से सकुशल बरामद कर लिया।

कार्रवाई के दौरान घटना में प्रयुक्त काले रंग की स्कॉर्पियो वाहन को जब्त करते हुए उसके चालक सहित अपहरण में संलिप्त तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में (1). विशाल यादव, पिता-लक्ष्मण यादव, निवासी-विशवनीया सकरी टोला, थाना-दरौली, जिला-सीवान (2).अभिषेक यादव, पिता-मदन यादव, निवासी-रामपुर सकरी, थाना-दरौली, जिला-सीवान (3). दीपू कुमार प्रजापति, पिता-मुंद्रिका पंडित, निवासी-सरफोरा, थाना-गुठनी, जिला-सीवान का नाम शामिल बताया जाता है। वही स्कॉर्पियो वाहन - 01जप्ती में में। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस मामले में विधिसम्मत अग्रतर कार्रवाई की जा रही है तथा सभी दोषियों को स्पीडी ट्रायल के माध्यम से शीघ्र सजा दिलाई जाएगी।

## मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने के विरोध में पी एम का पुतला दहन

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण) ।** खेत मजदूर यूनियन मढ़ौरा द्वारा बहुआरापट्टी में महात्मा गांधी के नाम पर मनरेगा बहाल करने और जी राम जी को वापस लेने सहित अन्य मांगो को लेकर पी एम नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। मौके पर जनसभा को संबोधित करते हुए भाकपा जिला सचिव रामबाबू सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने मनरेगा का नाम बदल कर राष्ट्रपिता का अपमान किया है । सरकार इसे अविलंब वापस करे। इसके साथ ही किसान मजदूरों के कर्जे को माफ करने, दलित, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बंद करने आदि मांगो को उठाते हुए कहा कि इन मांगो को पूरा नहीं करने पर तीव्र आंदोलन भी किया जाएगा । अध्यक्षता प्रो रजाक हुसैन ने किया । कार्यक्रम में प्रो भूपेश भीम, प्रेमचंद राम, हरी जी राम, राजू साह, झूलन राम, भगवान शर्मा, गिरधारी शर्मा, अजीत कुमार, समसुद्दीन, राज कुमार साह, मंजूर आलम, नजीर हुसैन, डा नुसरत अली, अहमद अली, महमद शकील आदि उपस्थित थे ।



## मशरक में सांगवान के दर्जनों पेड़ अवांछनीय तत्वों ने काटा, पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के गोपाल वाड़ी गांव में भाजपा नेता राकेश महंत के खेत में लगा 100 से ज्यादा तैयार पेड़ अवांछनीय तत्वों के द्वारा काट कर बर्बाद करने का मामला सामने आया। भाजपा नेता राकेश महंत पिता हरेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने वन विभाग से सैकड़ों पेड़ खरीदकर अपने खेत में लगाया। जिसमें से 40 -50 पेड़ तैयार हो चुका था। जिसे अज्ञात लोगों के द्वारा पेड़ को बीच से ही काटकर बर्बाद कर दिया गया है जिससे 5 लाख रुपए का नुक़सान हुआ है। उन्होंने थाना पुलिस को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**दैनिक खोज खबर/दिघवारा(सारण)**।छपरा हाजीपुर फोर लेन सड़क पर दिघवारा थाना क्षेत्र के निजामचक गांव के निकट किसी वाहन की चपेट में आने से स्कूटर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक दिघवारा नगर पंचायत के 18 नम्बर वार्ड बरबन्ना मझौआ गांव निवासी 50 वर्षीय कृष्णा मांझी बताया जाता है।घटना के संबंध मे बताया जाता है कि कृष्णा अपनी बेटी के यहां सोनपुर गया था जहां से वापस लौटने के दौरान किसी वाहन की चपेट मे आ गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। परिजनो ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## महिला की संदिग्ध स्थिति में मौत, मायके वालों ने हत्या का लगाया आरोप

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के नंदनपुर नट बस्ती में मंगलवार की सुबह एक महिला की संदिग्ध स्थित में मौत हो गई। मृतिका उक्त गांव निवासी अजय नट की 24 वर्षीय पत्नी शिल्पा देवी बताई गई है। घटना को लेकर पूरे इलाके में सनसनी फैल गई हैं। वही इस घटना को लेकर मृतिका मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतिका के परिजनों ने बताया कि करीब नौ साल पहले उनकी शिल्पा की शादी अजय नट से हुई थी। जिसे एक पुत्र 8 वर्ष एवं दो पुत्रियां हैं। मृतिका के परिजनों ने बताया कि शिल्पा के पति अजय नट चोरी-छीपे दूसरी शादी करना चाहता था, जिसका शिल्पा विरोध कर रही थी। इसी बात को लेकर शिल्पा और उसके पति में बराबर झगड़ा-झंझट होता था जिसे लेकर ससुराल पक्ष के लोग शिल्पा के साथ हमेशा मारपीट करते रहते थे। मृतिका के परिजनों ने आरोप लगाया है कि इसी विवाद के चलते पति और अन्य ससुरालवालों ने मिलकर शिल्पा के साथ मारपीट की और उसे जहर देकर मार डाला। घटना के बाद से ससुराल पक्ष के सभी लोग घर छोड़कर फरार हैं। इधर घटना की सूचना मिलते ही तरैया थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी तथा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए छपरा भेज दिया। वहीं मामले में थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि मृतिका के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले में सभी बिंदुओं पर जांच कर रही हैं।

## बनियापुर प्रखंड व अंचल कार्यालय का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**दैनिक खोज ख़बर/बनियापुर (सारण)।** जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने मंगलवार को बनियापुर प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रखंड एवं अंचल कार्यालय को पूर्ण रूप से साफ-सुथरा रखने तथा सभी संचिकाओं एवं अभिलेखों को सुदृढ़ ढंग से संधारित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी पंचायत सरकार भवनों में बायोमेट्रिक सिस्टम लगाकर पंचायत स्तरीय सभी कर्मियों की प्रतिदिन की उपस्थिति दर्ज करने तथा उसी के आधार



पर मासिक वेतन भुगतान सुनिश्चित करने का स्पष्ट आदेश दिया। अंचल कार्यालय से संबंधित दाखिल-खारिज, परिमार्जन एवं भूमि मापी से जुड़े सभी लंबित आवेदनों को एक माह के भीतर शत-प्रतिशत निष्पादित करने को कहा गया। साथ ही प्रखंड कार्यालय परिसर में एक कमरा चिह्नित कर वी एल ई को बैठाने, आवेदकों से कार्यालय में ही आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू करने तथा भूमि संबंधी विभिन्न सेवाओं के लिए निर्धारित सरकारी दरों को बड़े बैनर के माध्यम से प्रदर्शित कराने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बनियापुर प्रखंड सभागार में सभी जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनके क्षेत्रों की समस्याओं की जानकारी ली। प्राप्त समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु लोक स्वास्थ्य प्रमंडल एवं विद्युत विभाग के अभियंताओं सहित सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर समस्याओं का पूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित आमजनों की शिकायतें भी जिलाधिकारी द्वारा सुनी गई और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

# टीबी मुक्त भारत अभियान - छपरा के आयुष राज ने अपने 17वें जन्मदिवस पर चार टीबी मरीजों को लिया गोद

### आयुष जैसे युवाओं की सहभागिता से ही सामाजिक बदलाव संभवः डॉ आरपी सिंह

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** स्वास्थ्य विभाग, यक्ष्मा विभाग एवं बिहार और उत्तर प्रदेश की प्रसिद्ध सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने वाली ठाकुर बाड़ी महिला विकास कल्याण समिति द्वारा टीबी मरीजों को गोद लेने को लेकर लगातार की जा रही अपील अब जनसहभागिता के रूप में रंग लाने लगी है। इस संबंध में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ आरपी सिंह ने बताया कि छपरा शहर स्थित एसडीएस कॉलेज के छात्र आयुष राज ने अपने 17वें जन्मदिवस के अवसर पर चार टीबी मरीजों को गोद लेकर समाज के सामने एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है। आयुष राज द्वारा अपने जन्मदिवस को सेवा के माध्यम से मनाना समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है, क्योंकि इनके द्वारा की गई एक छोटी- सी




पहल भी बड़े परिवर्तन की नींव रख सकती है। आयुष राज के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि आयुष जैसे युवाओं की सहभागिता से ही सामाजिक बदलाव संभव है।

यक्ष्मा विभाग के डीपीसी हिमांशु शेखर ने आयुष राज के इस सराहनीय कार्य की भूरी- भूरी प्रशंसा करते हुए कहा है कि टीबी उन्मूलन के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समाज के हर वर्ग की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। इसी कड़ी में आयुष राज जैसे युवा जब आगे बढ़कर टीबी मरीजों को गोद लेते हैं, तो यह न केवल मरीजों के लिए सहारा बनता है, बल्कि अन्य लोगों को भी प्रेरित करता है। गोद लिए गए टीबी मरीजों को नियमित पोषण सहायता मिलने से उनका इलाज बेहतर ढंग से पूरा हो पाता है। उन्होंने आमजन, सामाजिक संस्थाओं, युवाओं एवं शिक्षण संस्थानों से अपील करते हुए कहा है कि आगे आकर टीबी मरीजों को गोद लेकर वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

सदर अस्पताल परिसर स्थित यक्ष्मा विभाग के एस टी एल एस कुमार अमित का कहना है कि आयुष राज की इस मानवीय पहल से न केवल टीबी मरीजों को पोषण एवं मानसिक संबल मिलेगा, बल्कि समाज में टीबी जैसी गंभीर बीमारी को लेकर जागरूकता भी बढ़ेगी। 17 वर्षीय युवक ने यह साबित कर दिया है कि सेवा और संवेदना के लिए उम्र कोई बाधा नहीं होती है, बल्कि सच्ची सोच और मजबूत संकल्प ही सबसे बड़ी ताकत होती है। सबसे अहम बात यह है कि किसी खास मौके पर टीबी रोगियों को गोद लेने की चर्चा घर परिवार में होने के दौरान सुन लिया था। इसी को आज उसने चार टीबी रोगियों को गोद लेकर अपने जन्मदिन को खास बनाया है। पढ़ने की इस उम्र में सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करना हर किसी के बस के बात नहीं होती है लेकिन आयुष ने ऐसा कर दिखाया है। इस अवसर पर डीपीसी हिमांशु शेखर, डीपीएस मुकेश कुमार, एसटीएस मुकेश कुमार, एलटी संजेश कुमार, सहायक संजय कुमार और गुड़िया कुमारी, परिचारी सुनील कुमार, नरेश राय, कृष्ण राय सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भेल्दी में तस्करी का चार किलो गांजा बरामद, धंधेबाज गिरफ्तार


**दैनिक खोज खबर/ भेल्दी(सारण)।** स्थानीय पुलिस ने पचरूखी गांव में छापेमारी कर चार किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।पकड़ा गया धंधेबाज वीरेश सिंह पचरूखी गांव का बताया जाता है।

भेल्दी थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस को सोमवार की रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति के बरामदे में गांजा रखा हुआ है।थानाध्यक्ष राकेश कुमार पुअनि अभिषेक कुमार एएसआई शशिभूषण कुमार व सशस्त बल के साथ पचरूखी गांव के बीरेश सिंह के दालान पर छापेमारी की तो एक बाइक के डिक्की मे एक झोले से 4 किलो गांजा की बरामदगी हुई।पुलिस ने धंधेबाज बीरेश सिंह को धर-दबोचा।पुलिस धंधेबाज से गहन पूछताछ के बाद मंगलवार को मंडल कारा छपरा भेज दिया।थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि इसके पूर्व भी बीरेश सिंह गांजा के साथ गिरफ्तार हुआ था और जेल भी गया था।भेल्दी पुलिस की इस कार्रवाई के गांजा तस्करों में हड़कंप सी मच गई है।थानाध्यक्ष राकेश कुमार की सक्रियता से इन दिनो शराब कारोबारियो मे हड़कंप मची हुई है और लोग पुलिस की कार्यो की सराहना कर रहे हैं।

## भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस, जनहित सर्वोपरि : डॉ करिश्मा राय

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)**।दरियापुर प्रखंड मुख्यालय स्थित लोहिया सभागार में सोमवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विधायक डॉ करिश्मा राय ने उपस्थित अधिकारियों को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि प्रखंड में भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर सख्ती से अमल किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर देखा जाए और समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख मालती देवी ने की। इस दौरान बीडीओ दीनबंधु दिवाकर, चिकित्सा प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह, सीडीपीओ अंजू सिंह सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मटिहान पंचायत के मुखिया चंद्रशेखर सिंह, मुखिया उपेन्द्र कुमार सिंह, मुखिया सुधीर कुमार अकेला उर्फ गुड्डू राम, अकबरपुर पंचायत की मुखिया सरिता देवी समेत पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। बैठक के दौरान आवास योजना, जनवितरण प्रणाली, स्वास्थ्य सेवाएं, आंगनबाड़ी संचालन सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि सरकार और जनता के बीच सेतु हैं, इसलिए उनकी बातों को गंभीरता से लेकर समाधान किया जाए। बैठक में जनसेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।




## मशरक में मंदिर से मूर्ति चोरी में डीएसपी के नेतृत्व में एसआईटी गठित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना परिसर के सटे अवस्थित प्राचीन राम जानकी शिव मंदिर परिसर के गर्भ गृह का ताला काट अज्ञात चोरों के द्वारा मूर्ति चोरी करने के कांड के उद्भेदन के लिए डीआईजी सह वरीय एसपी डॉ कुमार आशीष ने मशरक डीएसपी संजय कुमार सुधांशु के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया है। वहीं मूर्ति चोरी के मामले में डीएसपी संजय कुमार सुधांशु ने बताया कि मूर्ति चोरी कांड के उद्भेदन के लिए गठित एसआईटी टीम ने अलग-अलग चार टीमें लगाई गई है। सभी को अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग बिंदुओं पर जांच और छापेमारी के लिए लगाया गया है। उन्होंने कहा कि टीम लगातार छापेमारी कर रही है, अपडेट होते ही मीडिया को जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मूर्ति चोरी की घटना में पुजारी टुन्ना बाबा के तरफ से दिए आवेदन पत्र पर कांड संख्या 4/26 दर्ज की गयी हैं, जिसमें उन्होंने 4 अज्ञात चोरों को घटना के लिए आरोपित किया है। आपकों बता दें बीते 5 जनवरी को थाना के सटे राम जानकी शिव मंदिर में पीछे के दरवाजे की कुंडी काट और मंदिर परिसर में प्रवेश कर मुख्य गर्भ गृह का ताला कटर से काट प्राचीन काल की भगवान राम, लक्ष्मण और मां सीता की अष्टधातु की प्रतिमा चोरी कर ली गई है। चोरों के द्वारा दान बाक्स से रुपयों की चोरी कर ली। चोरों के द्वारा भागने के दौरान थोड़ी ही दूरी पर ताला काटने वाला कटर और भगवान के पहनाए लावारिश वस्त्र जमीन पर फेंके पाए गए। मौके पर डीआईजी सह वरीय एसपी डॉ कुमार आशीष, एसपी ग्रामीण संजय कुमार, डीएसपी संजय कुमार सुधांशु और थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान ने दल बल के साथ पहुंच मामले की जांच पड़ताल की। डीआईजी सह वरीय एसपी ने गश्ती दल के पदाधिकारी जितेन्द्र चौधरी को सस्पेंड कर दिया। मंदिर के स्थापना काल के परिवार के वंशज मुन्ना रस्तोगी ने बताया कि मंदिर के स्थापना काल को लेकर कुछ भ्रम की स्थिति हैं पर पूर्वजों के कागजात देखने के बाद राम जानकी मंदिर का स्थापना 1885 में उनके पूर्वज देवी प्रसाद के द्वारा की गयी जिसमें स्थापित भगवान राम, लक्ष्मण और मां जानकी की मूर्ति चांदी व सोने के मोहरें देकर बनारस के कारीगरों के माध्यम से राजस्थान से अष्टधातु निर्मित बनावाई गयी और प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। उन्होंने बताया कि उनके पूर्वज देवी प्रसाद, कीर्ति प्रसाद के पिता ठाकुर प्रसाद के पिता थें। मुन्ना रस्तोगी ने बताया कि स्थापना काल के बाद सन 1905 में भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग की स्थापना कराई गई, तब से मंदिर राम जानकी शिव मंदिर हो गया। उन्होंने बताया कि पूर्वजों के द्वारा स्थापना का उद्देश्य इलाके में मंदिर का नहीं होना बताया गया। उन्होंने कहा कि स्थापना काल के समय खरीदारी के समय 6 रूपये भरी सोने का रेट चल रहा था और मोहरे या सिक्के देकर मूर्तियां खरीदी गई। आज के समय मूर्तियों की कीमत करोड़ों में बताई गई। उन्होंने कहा कि मंदिर थाना परिसर की चौहद्दी में हैं और इस परिसर में डीएसपी, इंस्पेक्टर और थानाध्यक्ष समेत इलाके की सुरक्षा के लिए भारी संख्या में पुलिस बल का कार्यालय और आवासीय परिसर हैं तब भी आस्था के साथ इतनी बड़ी चोरी की घटना हो जाए इससे निंदनीय कृत्य क्या होंगी। मशरक नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमित सिंह ने बताया कि प्रशासन मूर्ति चोरों को पकड़े और कांड का उद्भेदन करते हुए मूर्ति बरामद करें अन्यथा जल्द ही आंदोलन किया जाएगा। महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने भी इस घटना की निंदा की और उप मुख्यमंत्री और डीजीपी से फोन पर बात कर इस मामले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि थाना परिसर में ही मंदिर हैं उसमें इतनी बड़ी चोरी की घटना होती है तों अपराधियों ने मशरक डीएसपी और इंस्पेक्टर को चुनौती दी है। उन्होंने डीआईजी सह वरीय एसपी डॉ कुमार आशीष से भी बात की और कांड का उद्भेदन करने से संबंधित जानकारी ली।

# पूर्व गृह मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी को जन्मदिन पर दी गई हार्दिक शुभकामनाऐं

**दैनिक खोज खबर।** अमनौर/नई दिल्ली। अखिल भारतीय हिंदू महासभा (युवा मोर्चा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह भारतीय जनता पार्टी (युवा मोर्चा) के प्रवक्ता ई. आदित्य सिंह ने भारत सरकार के पूर्व गृह मंत्री, भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक, वरिष्ठ चिंतक एवं प्रखर राष्ट्रवादी नेता डॉ. मुरली मनोहर जोशी से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट कर उनके जन्मदिन के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी।इस अवसर पर ई. आदित्य सिंह ने डॉ. जोशी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु तथा सक्रिय सार्वजनिक जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि डॉ. मुरली मनोहर जोशी का भारतीय राजनीति, राष्ट्र निर्माण, शिक्षा नीति, विज्ञान एवं संगठनात्मक विकास के क्षेत्र में दिया गया योगदान ऐतिहासिक और अतुलनीय है। उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, वैचारिक प्रतिबद्धता और अनुशासित सार्वजनिक जीवन का आदर्श उदाहरण है।ई. आदित्य सिंह ने कहा कि डॉ. जोशी जैसे विचारक नेताओं के मार्गदर्शन से ही देश की युवा पीढ़ी को राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक चेतना और संगठन के प्रति समर्पण की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. जोशी का योगदान भारतीय जनता पार्टी की वैचारिक नींव को सशक्त करने में मील का पत्थर रहा है।भेंट के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण में राष्ट्रीय हित, समसामयिक राजनीतिक परिस्थितियों, संगठनात्मक सुदृढ़ता एवं युवाओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने भी युवा नेतृत्व के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें राष्ट्रसेवा के पथ पर निरंतर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

# राजकीय पॉलिटेक्निक छपरा में पूल कैंपस ड्राइव आयोजित, 250 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** स्थानीय ?राजकीय पॉलिटेक्निक में मंगलवार को संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा पूल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। इस कैंपस प्लेसमेंट में देश की दो प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। कैंपस ड्राइव में जय भारत मारुति लिमिटेड, अहमदाबाद (गुजरात) ने ऑटोमोबाइल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग शाखा के छात्रों के चयन की प्रक्रिया में हिस्सा लिया, जबकि इंफो एरा सॉफ्टवेयर सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, पटना ने कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग ब्रांच के छात्रों के लिए चयन प्रक्रिया




आयोजित की। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार सिंह ने टीपीओ डॉ. रमा सिंह, प्रो. राकेश कुमार, डॉ. रजनीश कुमार सिंह, प्रो. उपेन्द्र कुमार गिरी, प्रो. हिमांशी नाग एवं प्रो. अनोज़ कुमार सिंह के साथ संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार सिंह ने छात्रों को प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।? टीपीओ डॉ. रमा सिंह एवं प्रो. राकेश कुमार ने छात्रों को जीवन की चुनौतियों का सामना करने की सीख दी तथा बताया कि भविष्य में भी अधिक से अधिक कंपनियां इस पूल कैंपस ड्राइव में भाग लेंगी। इस कैंपस ड्राइव में सारण प्रमंडल के सभी पॉलिटेक्निक संस्थानों–राजकीय पॉलिटेक्निक, छपरा; राजकीय पॉलिटेक्निक, सीवान एवं अन्य–के कुल लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। लिखित एवं मौखिक परीक्षा के आधार पर विभिन्न कंपनियों द्वारा छात्रों का चयन किया जाएगा। अंतिम परिणामों की घोषणा दो दिनों के भीतर कंपनियों द्वारा की जाएगी। संस्थान के जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. रजनीश कुमार सिंह एवं प्रो. उपेन्द्र कुमार गिरी ने बताया कि भविष्य में इस पूल कैंपस ड्राइव के लिए और भी मल्टीनेशनल कंपनियों से बातचीत चल रही है। इस आयोजन से प्रमंडल के तीनों पॉलिटेक्निक संस्थानों के छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में प्रो. उपेन्द्र कुमार गिरी, प्रो. हिमांशी नाग, डॉ. सन्नी कुमार, प्रो. सुशांत कुमार, प्रो. विजय लक्ष्मी कुमारी, प्रो. अनोज कुमार सिंह, अभिषेक आनंद, विजय कुमार, पवन कुमार, विनोद कुमार गिरी, सत्येन्द्र राम, विशाल कुमार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

